# चीनी की कीमतों के लिए सट्टेबाजी जिम्मेदार : पासवान

■ भाषा, नई दिल्ली

खाद्य मंत्री राम विलास पासवान ने चीनी की कीमत में वृद्धि के लिए सट्टेबाजी को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि देश में चीनी का उपलब्ध स्टाक जरूरत से ज्यादा है और इससे कीमतों को स्थिर करने में मदद मिलेगी। केंद्र के चीनी उद्योग को दिए गए प्रोत्साहन से उसके दाम में वृद्धि के बीच मंत्री ने यह बात कही है।



इसी सप्ताह चीनी पर आयात शुल्क 15 फीसदी से बढ़ा कर 40 फीसदी करने की घोषणा करने वाले पासवान ने कहा कि भारत चीनी की अपनी जरूरत को पूरा करने के लिए आयात पर निर्भर नहीं है और प्रस्तावित शुल्क का कीमतों पर कोई प्रभाव नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र गन्ना किसानों को बकाये का भुगतान करने के लिए ब्याज मुक्त अतिरिक्त कर्ज दे रहा है, लेकिन उत्तर प्रदेश में मिलों को जो संकट का सामना करना पड़ रहा है, उसका कारण राज्य सरकार की नीतियां हैं। पासवान ने कहा कि जब हमारे पास 20 लाख टन की अधिशेष चीनी है, तो कीमत बढ़ने का कोई सवाल नहीं है।

नवभारत टाइम्स
26-6-14